रेलवे बेबस पटरियों के रास्ते आते जाते है, रेलवे को हो रहा राजस्व नुकसान

उधार की टी शर्ट धारण कर बेचते दूषित भोजन, पानी

साधे कपड़ों में घूमता अवैध वेंडर | ट्रेनों के आते ही मनमानी पर उतारू | साधी शर्ट में पानी बेचता युवक | उधार लेकर टी शर्ट में समान बेचता युवक

जबलपुर, नवभारत। जबलपुर सहित अन्य आसपास के रेलवे स्टेशनो में इन दिनों अवैध वेंडरों की तूती बोल रही है। वे खुलेआम प्लेटफॉर्म और ट्रेनों में अमानक व दूषित खाद्य सामग्री की बखौफ सप्लाई कर रहे हैं। वही रेल प्रशासन और आरपीएफ द्वारा किए जाने वाले अनेक दावों की पोल भी रोज अवैध वेंडरों द्वारा खोली जा रही है। इसका जीवंत उदाहरण बुधवार दोपहर मुंबई हावड़ा मेल के मुख्य स्टेशन पहुंचते ही देखने को मिला, जहां पटरियों के रास्ते से मुख्य स्टेशन पर दाखिल हुए अवैध वेंडरो द्वारा अपने गुर्गों से टी शर्ट (ड्रेस) उधार लेकर मनमाने दामों पर दूषित समोसा, कचौड़ी, चाय व अन्य खाद्य सामग्री बेचकर हर रोज हजारों रुपए की कमाई कर रेलवे को राजस्व की हानि पहुंचा कर चलते बनते है। वही आरपीएफ द्वारा दावा किया जाता है कि कार्रवाई में हर माह 60 से 70 अवैध वेंडर पकड़े जाते हैं। उन्हें रेल न्यायालय में पेश भी किया जाता है। बावजूद इसके जबलपुर स्टेशन में अवैध वेंडरों की धमाचौकड़ी कम नहीं हो रही है। रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म व ट्रेनों में अवैध वेंडर अधिकारियों की मौन स्वीकृति का फायदा उठाकर अपना धंधा बेखौफ करते हैं।

अद्भुत रहते है नजारे

मुख्य रेलवे स्टेशन में हर रोज ट्रेनों के आने व जाने के समय अद्भुत नजारे देखने को मिलते हैं। गत दिवस नवभारत द्वारा चलाए गए खुफिया ऑपरेशन में सामने आया कि, ट्रेनों के आगमन के समय सादे कपड़ों में युवक पानी बेचते दिखाई दिया। वही ट्रेनों के प्लेटफार्म पर लगने से पहले ही अवैध वेंडर यात्रियों के साथ मनमानी करते भी देखे गए। यही नहीं कुछ बोलने पर ये गुंडे गुंडागर्दी पर उतारू हो जाते है।

इनका कहना है

आपके द्वारा यह मामला मेरे संज्ञान में आया है, तत्काल ही इसे कमर्शियल विभाग को भेजा जाएगा और इनपर कार्रवाई की जाएगी।

हर्षित श्रीवास्तव
सीपीआरओ
पश्चिम मध्य रेल

विआना विमेन लीग सीजन चार

हर बाउंड्री पर झूमे दर्शक, कड़कड़ाती ठंड में आखिरी ओवर में गर्म हुआ माहौल

नवभारत और सेंट्रल क्रॉनिकल हैं मीडिया स्पांसर

जबलपुर, नवभारत। विमेंस प्रीमियर लीग के सीजन चार के तहत शहर के विआना क्रिकेट स्टेडियम में महिलाओं द्वारा एक के बाद एक तीन मैच खेले गए। कड़कड़ाती ठंड के बीच जब-जब भी महिला बल्लेबाजों ने चौका छक्का लगाया गया तो दर्शकों ने इसका भरपूर मजा लिया। हर ओर से चौके-छक्के पर लोग चियर करते नजर आए। नवभारत और सेंट्रल क्रॉनिकल की मीडिया स्पांसरशिप में विमेंस प्रीमियर लीग में महिलाओं ने शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी का प्रदर्शन किया। वहीं विकेट गिरने पर भी दर्शकों द्वारा हल्ला होता रहा। चौके, छक्के विकेट गिरने पर मैदान में चीयर लीडर्स लोगों का मनोरंजन कर रही थीं। इनके साथ स्टैंड में बैठे युवा भी खड़े होकर नाचते रहे। वहीं मैदान में आतिशबाजी भी हो रही थी। मैच के दौरान भीड़ इतनी थी कि बैठने के लिए जगह कम पड़ने लगी थी। हालांकि, बाद में आयोजकों की मुस्तैदी के कारण स्थिति जल्द ही सामान्य हो गई थी।

मुख्य अतिथि को भेंट किए पौधे

विमेंस प्रीमियर लीग में मंगलवार को खेले गए मैच में मुख्य अतिथि के रूप में यामिनी सिंह थी। जिनको टॉस होने के बाद विआना स्पोर्ट्स की डायरेक्टर और विमेंस प्रीमियर लीग की ऑर्गेनाइजर तेजल गुप्ता द्वारा पौधा भेंट स्वरूप दिया गया। वहीं घरों के साथ साथ सोशल मीडिया को भी संभालने वाली रुबीना मलगनी, प्रज्ञा समढ़डिया और तुहीना बुधानी को भी तेजल गुप्ता द्वारा पौधे भेंट किए गए। रीवा क्वींस और मणिकर्णिका के मैच में मणिकर्णिका ने जीत दर्ज की जिसके बाद तिलहरी टाइग्रेस और रन राइडर्स में रन राइडर्स ने 8 विकेट से विजय प्राप्त की और अंत में डेंजेल डायनमो और शक्ति स्टार्स के मैच में शक्ति स्टार्स ने भी 8 विकेट से जीत दर्ज की।

मकान-नौकरी का झांसा दें सात लोगों से लाखों ऐंठे

जालसाज ने स्वयं को ननि अस्सिटेंट आरआई बता की ठगी

नवभारत, जबलपुर। शासकीय प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत घर एवं नगर निगम में नौकरी दिलाने के नाम पर सात लोगों के साथ लाखों रूपए की धोखधाड़ी किए जाने का मामला सामने आया है। जालसाज ने स्वयं को नगर निगम में अस्सिटेंट आरआई के पद पदस्थ होने का बताते हुए लाखों रूपए ऐंठ लिए। रकम देने वालों की न तो नौकरी लगी न ही उन्हें आवास मिले। मामला अब थाने पहुंच गया है। हनुमानताल पुलिस ने स्वयं को नगर निगम में अस्सिटेंट आरआई के पद पर होना बताते ठगी करने वाले आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस के मुताबिक श्रीमति अंजली बेन पति अर्पित श्रीवास्तव 28 वर्ष निवासी शीतला माई अचार्य विनोवा भावे वार्ड के पास हनुमानताल ने रिपोर्ट दज कराई कि दोस्त विक्की उर्फ विकास कुमार के माध्यम से उसका परिचय अतुल आचार्य से हुआ जिसने स्वयं को नगर निगम में अस्सिटेंट आरआई के पद पर पदस्थ होना बताया । अतुल आचार्य ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उसे मकान दिलाने के लिए बोला जिसका मकान बुकिंग के लिए 35000 रूपये देने के लिए बोला। 17 फरवरी 2024 को मकान बुकिंग करने के लिए आनलाईन 30,000 रूपये एवं 5,000 रूपये कैश अतुल आचार्य को विक्की उर्फ विकास के सामने दिये। इसके बाद अतुल आचार्य मकान देने में आना-कानी करने लगा और उसने मुझे घर भी नहीं दिलाया, जब अपने पैसे वापस मांगे तो अतुल आचार्य ने नगर निगम में सीएसआई के पद पर नौकरी दिलाने का प्रलोभन देते हुए नगद 35000 रूपये 15 जून 2024 को भानतलैया नगर निगम थाना बेलबाग में उसके भाई राज बेन के सामने दिये है जिसके बदले अतुल ने एक नियुक्ति पत्र एवं आई डी कार्ड भी दिया। कुल 70,000 रूपये एवं इसी तरह परिचित के राखी दाहिया से 73000 रूपए, आरती चौधरी से 1,53,000 रूपए, राज बैन से 20,000 रूपए, अर्जुन मसराम से 85000 रूपए, भवनेश बरसे से 1,68,000 रूपए, एवं वर्षा सुनमोरिया से 22500 रूपये से भी नौकरी का झांसा देकर धोखाधडी कर ले लिये है ।

शराब खरीदने दिए रूपयों को लेकर विवाद पर वारदात

शराब के लिए दोस्त का किया कत्ल, तीन गिरफ्तार

जबलपुर। गोहलपुर थाना अंतर्गत क्षेत्रीय बस स्टेण्ड के पीछे रैन बसेरा के सामने के पास बुधवार सुबह युवक के सिर पर पत्थर पटककर हत्या कर दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस और एफएसएल टीम मौका-ए-वारदात पर पहुंच गई और छानबीन शुरू कर दी। हत्या का प्रकरण दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में यह बात सामने आई कि मृतक और आरोपी दोस्त है। शराब खरीदने दिए रूपयों को लेकर विवाद हुआ था जो हत्या में तब्दील हो गया। श्रीमति कलावती बाई अहिरवार 55 वर्ष निवासी खिन्नी मोहल्ला कोतवाली ने बताया कि उसके पति का स्वर्गवास लगभग 20 वर्ष पहले हो चुका है उसका पुत्र आकाश उर्फअक्कू अहिरवार 26 वर्ष आटो चलाने का काम करता था। बुधवार सुबह लगभग 5-30 बजे सोकर उठी थोड़ी देर बाद आकाश सोकर उठा और उससे चाय पीने के लिये 10 रूपये लेकर गया था थोड़ी देर बाद चाय पीकर वापस आकर, रोड पर जाने की कहकर घर से निकला था, कुछ समय बाद वह भी सब्जी लेने कृषि उपज मंडी जाने के लिये मेन रोड पहुंची जहां पर 7-8 लड़के खड़े थे जिनमें बसंत और जगदीश को जानती है जिन्होंने उसे बताया कि 2-3 लड़के अक्कू उर्फ आकाश को पकड़ कर मेट्रो अस्पताल की तरफले गये हैं, वह भागते हुये वहां जाकर देखी तो उसका बेटा आकाश रोड किनारे बस के पीछे रोड में औंधे पड़ा था जिसके सिर, मुंह से खून निकल रहा था अक्कू अंधरा, हिमांशु सोनी और भोले उर्फदेव, बेटे आकाश के अगल बगल में खड़े थे हिमांशु सोनी हाथ में पत्थर लिये था जो आकाश के सिर में पत्थर पटक दिया एवं देव उर्फभोला और अंकू अंधरा आकाश को लात मार रहे थे। वह बेटे आकाश को बचाने एवं मद्द के लिये चिल्लाई तो तीनों शांतिनगर तरफभाग गये। उसने बेटे को देखा जिसकी मौत हो चुकी थी।

ये हुए गिरफ्तार

टीआई रीतेश कुमार पाण्डे ने बताया कि आरोपी देवेंद्र झरिया उर्फ देव उर्फ भोले पिता जगदीश झरिया 27 वर्ष निवासी वार्ड 6 ग्राम बंचमपूरा कटंगी, हिमांशु सोनी पिता स्वर्गीय पिंटू उर्फरमेश सोनी 23 वर्ष निवासी समता कॉलोनी, शांति नगर गोहलपुर, आकाश उर्फ अक्कू अहिरवार पिता पप्पू 27 वर्ष निवासी गोहलपुर को गिरफ्तार किया गया है। आज आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जायेगा।

ऐसे शुरू हुआ विवाद

आरोपियों से पुलिस पूछताछ में यह बात सामने आई कि मृतक एवं तीनों आरोपी आपस में दोस्त थे तीनों ने सुबह शराब लाने के लिये मृतक आकाश को 500 रूपये दिये थे जो शराब लेने गया था लेकिन शराब लेकर वापस नहीं आया था। जिसे तलाश करते रहो कुछ देर बाद आकाश मिला जिससे शराब मांगने पर नही दिया और न ही रूपये वापस किया इसी बात पर से आकश के साथ मारपीट कर हत्या कर दी।

ऑटो वालों ने यात्री को बंधक बना लूटा, खाते से 39 हजार निकाले

नवभारत, जबलपुर। विजय नगर थाना अंतर्गत दीनदयाल बस स्टैंड से ऑटो चालक ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर एक यात्री को बंधक बनाने के बाद उसके साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया। साथ ही उसके फोन पे से 39350 रूपए निकाल लिए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है। पुलिस के मुबिक अमन यादव पिता कोमल प्रसाद यादव निवासी उमरिया पनागर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 15 नवम्बर 25 को अपने दोस्तों के साथ वृन्दावन घूमने जा रहा था कटनी स्टेशन में ट्रेन छूट जाने से वापस जबलपुर बस से दीनदयाल बस स्टेण्ड जबलपुर आ गया। रात्रि करीब दो बजे दीनदयाल चौराहापर एक ऑटो चालक आया तो उससे ग्रीन सिटी कठौदा जाने के लिये 400 रुपये में बात किया और उस आटो में बैठकर चला गया उसमें चालक सहित तीन लोग थे। उसे रानीताल लेकर आये शराब दुकान में शराब पिलाये उसे भी जबरदस्ती शराब पिलाई। चाकू चाकू दिखाकर डराये धमकाये और उसका मोबाइल छीन लिया। इसके बाद उसके फोन पे से आठ ट्रांजेक्शन करते हुए 39350 रूपए निकाल लिए। डर के कारण थाने में शिकायत नहीं की थी। बाद में भाई रमन को बताया। इसके बाद 21 नवम्बर 25 में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पहुंचकर शिकायत की थी। जिसके बाद पुलिस ने मामले में जांच पड़ताल करने के बाद 6 जनवरी 25 को मंगलवार देर रात अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

चित्रकूट, महाकोशल एक्सप्रेस सहित दर्जनों ट्रेने लेट

जबलपुर, नवभारत। उत्तर भारत खासकर यूपी-बिहार, दिल्ली से जबलपुर आने वाली ट्रेनें 7 जनवरी को जबर्दस्त लेट चल रही थी जिसमे चित्रकूट पौने सात घंटा, दयोदय एक्सप्रेस पौने 5 घंटा, महाकोशल 6 घंटा 40 मिनट लेट चल रही थी जिससे इस ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्री जबर्दस्त परेशान होते रहे। बता दे कि यूपी-बिहार में तो काहरे का असर देखा जा रहा है, लेकिन कुछ गाडियां अचानक 1-2 घंटा लेट चलते-चलते 6 घंटा से ज्यादा बीच रास्ते लेट होने लगी इसका कारण फिलहाल पता नहीं लग सका है किंतु ठंड के इस मौसम में गाडियों की लेटलतीफी ने यात्रियों की परेशानियां बढ़ाकर रखी हुई हैं। गाडियां जो विलंब से चल रही थी।

श्रीराम कॉलेज के छात्र गुटों में टकराव, चाकूबाजी, दो घायल

जबलपुर। माढ़ोताल थाना अंतर्गत ग्रीन सिटी मोड पर श्रीराम कॉलेज के छात्र गुटों में टकराव हो गया। जिसके बाद चाकूबाजी भी हुई। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के साथ जमकर मारपीट भी की। इस दौरान दोनों गुटों में जमकर लात घूसे भी चले। दो छात्र गंभीर रूप से घायल हुए है। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक बुधवार को सुयश ठाकुर 20 वर्ष मूलत: निवासी वार्ड नम्बर 6 महाराणाप्रताप वार्ड थाना नैनपुर जिला मंडला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे ग्रीनसिटी गली नम्बर 11 माढ़ोताल में किराए से रह रहा है श्रीराम कॉलेज में बीटेक की पढ़ाई कर रहा है। बुधवार दोपहर लगभग 2-30 बजे वह अपने साथी अचिन धार्या के साथ ग्रीन सिटी मोड माढ़ोताल में चाय की दुकान में चाय पी रहे थे तथा आदित्य सिंह मार्को उर्फआदि से बात करने लगा एवं अचिन से पैसों की मांग किया, अचिन ने पैसे देने से मना कर दिया तो राहुल मरकाम , आदित्य सिंह मार्को से विवाद करने लगा, आदित्य ने गालीगलौज से मना किया तभी राहुल का दोस्त भी आदित्य के साथ मारपीट करने लगा, उसने एवं अचिन, नितेश, सुमित, अर्णव न बीच बचाव किया तो राहुल ने अचिन को पकडा दिया और राहुल के दोस्त ने चाकू से हमला कर अचिन को पैर में चोट पहुंचा दी। जान से मारने की धमकी देते हुये दोनों भाग गये। टीआई वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि छात्र गुटों में चाकूबाजी, मारपीट हुई है। एक पक्ष से सुयश ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। जबकि दूसरा पक्ष भी घायल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

फोरव्हीलर ने रौंदा, युवक की मौत

जबलपुर। गोरखपुर थाना अंतर्गत ग्वारीघाट रोड पर तेज रफ्तार फोरव्हीलर ने मोटर सायकिल सवार को कुचल दिया। हादसे में युवक की मौत हो गई। वहीं घटना को अंजाम देने के बाद चालक फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक आकाश पटेल 28 वर्ष निवासी रामपुर का मोटर सायकल एमपी 20 एमटी 0816 से कहीं जा रहा था वे जैसे ही ग्वारीघाट रोड एसिया जिम के पास पहुंचा तभी अज्ञात फोरव्हीलर के चालक ने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। हादसे में आकाश को गंभीर चोटें आ गई और उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को पीएम के लिए भिजवाते हुये अज्ञात आरोपी चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है।

हाईवा से टकराया पिकअप, तीन घायल

पनागर थाना अंतर्गत जलगॉव नहर के पास ओव्हरटेक के चक्कर में पिकअप हाईवा से टकरा गया। हादसे में तीन लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक राजू कोल 45 वर्ष निवासी शंकर टोरिया मानेगॉव ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि पिकअप क्रमांक एमपी 20 जीए 5473 जलगॉव भट्टा से ईट लोड करके मानेगॉव रांझी जा रहा था जलगॉव नहर के पास हाईवा क्रमांक एमपी 21 जेड सी 6424 हार्न देकर ओव्हर टेक किया तो हाईवा के चालक ने अचानक ब्रेक मार दिया जिससे माजदा हाईवा के पिछले हिस्से से टकरा गया उसे एवं प्रदीप गोटिया, कमलू कोल को हाथ पैर में चोट आ गई।

बाइक चालक ने साईकिल सवार को मारी टक्कर

तिलवारा थाना क्षेत्र में एक मोटरसाइकिल चालक ने शराब के नशे में धुत होकर साइकिल चालक को टक्कर मार दी गई, जिससे साइकिल चालक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया और गंभीर चोटें आ गई। हादसे से जाम लग गया। सूचना पर यातायात पुलिस तत्काल पहुंची । सड़क के बीच पड़ी मोटरसाइकिल को हटाकर यातायात सुचारु कराया एवं दोनों घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया।

खुलासा अजय बरया हत्याकांड का खुलासा, चार गिरफ्तार

गढ़ा में हत्या कर शहपुरा में फेंकी थी लाश

नवभारत, जबलपुर। शहपुरा थाना अंतर्गत जबलपुर-भोपाल रोड, एनएच 45 ग्राम पौड़ी में हत्या कर फेंकी गई लाश की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। साथ ही चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मंडला निवासी अजय बरया की की हत्या गढ़ा में की गई थी। इसके बाद आरोपियों ने साक्ष्य छिपाने के इरादे से लाश को कार में भरकर शहपुर लेकर पहुंचे थेजहां शव को झाड़ियों में फेंककर फरार हो गए थे । आरोपियों के कब्जे से हथियार, कार जब्त कर ली गई है। अंधी हत्या का बुधवार का अति. पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा ने खुलासा किया।

उन्होंने बताया कि 20 दिसम्बर 25 को जबलपुर-भोपाल रोड, एनएच 45 ग्राम पौड़ी सीता सरोवर वेयर हाउस के सामने रोड

किनारे झाड़ियों में एक युवक का शव रक्त रंजित अवस्था में पड़ा मिला था। पुलिस ने मर्ग कायम किया। मृतक की शिनाख्त अजय बरया पिता कुवरमन बरया 26 साल निवासी ग्राम सुनहरा थाना बम्हनी बंजर जिला मण्डला के रूप में हुई थी। जांच में यह बात सामने आई कि 16 दिसम्बर को अजय पत्नी को डिलेवरी के लिए लाया था ।17 दिसम्बर को अजय बरया की पत्नी को बेटा हुआ था। 19 दिसम्बर की शाम को अजय मेडिकल कॉलेज में पत्नी, बेटा, सास व मां को छोड़कर अपने घर ग्राम सुनहरा जिला मण्डला जाने के लिये निकला था जो कि घर नहीं पहुंचा था। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज किया था।

सीसीटीव्ही फुटेज से मिला क्लू

अंधी हत्या की गुत्थी सुलझाने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा एवं एसडीओपी पाटन लोकेश डाबर के मार्गनिर्देशन में शहपुरा थाना प्रभारी प्रवीण धुर्वे के नेतृत्व में टीम गठित की गई। सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले गये, मिले फुटेज में सफेद रंग की स्विफ्ट कार का शहपुरा टोल प्लाजा से अंधमुख बायपास जबलपुर तक देर रात्रि आना जाना संदिग्ध लगा। जिसके बाद मार्ग के कई सीसीटीव्ही के फुटेज चौक करने पर गढ़ा अंतर्गत एक मकान के पास संदिग्ध शिफ्ट कार खडी होना पायी गयी। कैमरे को चैक करने पर पाया गया कि अजय बरया त्रिपुरी चौक स्थित शराब दुकान से शराब लेकर पीने के बाद कुछ देर में पैदल चलते हुये आगे पहुंचा जहॉ 2 युवकों से अजय का विवाद हुआ कुछ देर में 2 लोग और आ गये सभी अजय के साथ मारपीट कर अजय को जबरन अंदर ले जाते दिखे।

घर के अंदर ले जाकर किए वार

फुटेज के आधार पर नमन तंतुवाय एवं अंकित कोरी दोनों निवासी गढा पुरवा को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर दोनों ने बताया कि एक व्यक्ति शराब पिये हुये थे। विवाद करने लगा,साहिल कोरी,अंकित उर्फ अंतु कोरीआ गये जिनके साथ मिलकर मारपीट की और चारों मिलकर उसे घर के अंदर ले गये रात्रि लगभग 1 बजे बेसबाल एवं अन्य हथियारों से हमला किया जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के शव को कपडे में लपेट कर कार में रखकर चारों टोल नाका किसरौद शहपुरा के पहले मृतक के शव को झाड़ियों में फेंक दिये और वापस आ गये थे। साहिल कोरी निवासी गढ़ा पूरवा एवं अंकित उर्फ अंतु कोरी निवासी हटा जिला दमोह को भी गिरफ्तार किया गया।

लिंक ओपन करते ही दो खातों से रकम उड़ी

जबलपुर। तिलवारा निवासी एक युवक को एक लिंक ओपन करना भारी पड़ गया। मोबाइल हेंग होने के साथ दो खातों से 1 लाख 13 हजार 825 रूपये उड़ गए। पुलिस के मुताबिक धर्मेश बाबूभाई टाढ़ाणी 36 वर्ष निवासी सगड़ा त्रिपुरी वार्ड तिलवारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह हार्डवेयर में मार्केटिंग का काम करता है। हार्डवेयर के मार्केटिंग के काम से बाहर गया था रात लगभग 8 बजे उसे पास उसके व्हाटसएप में उसके फैमली ग्रुप में एक लिंक पीएम हेल्थ कार्ड नाम से लिंक आई थी जिसे क्लिक करने पर लिंक ओपन हुई एवं उसका मोबाइल हेंग हो गया उसका मोबाइल में नेटवर्क आना जाना भी बंद हो गया। नेटवर्क नहीं होने से किसी से सम्पर्क नहीं हो रहा था, दूसरे दिन जियो कस्टमर केयर में फोन करके अपने मोबाइल चालू करवाया था, जबलपुर वापस आकर अपने मोबाइल में बैंक ऑफबड़ौदा के ऐप को खोलकर देखा उसके बैंक आफबड़ौदा विजयनगर शाखा के खाता से 99 हजार 501 रूपये व दूसरा कोटेक महिन्द्रा बैंक विजयनगर से 14 हजार 324 रूपये किसी अज्ञात व्यक्ति के खाते के यूपीआई में ट्रासफ्र हो गये हैं।

स्वच्छता-वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए निगमायुक्त ने संभाली कमान

आधुनिक मशीनों से संवर रहा शहर

नवभारत,जबलपुर। नगर निगम की कार्यप्रणाली में इन दिनों पारदर्शिता और जवाबदेही की एक नई झलक देखने को मिल रही है। कागजी दावों से जगह अब निगम का काम जमीनी धरातल पर स्पष्ट रूप से नजर आने लगा है। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार की सतत निगरानी और सक्रियता के चलते शहर की स्वच्छता व्यवस्था, वायु गुणवत्ता और विकास कार्यों को एक नई गति मिली है। इस संबंध में निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने बताया कि शहर की वायु गुणवत्ता में प्रभावी सुधार लाने के लिए नगर निगम ने मोर्चा खोल दिया है। धूल के कणों को नियंत्रित करने के लिए प्रमुख सड़कों और फ्लाई ओवरों पर लगातार वाटर स्प्रिंकलिंग की जा रही है। निगमायुक्त ने ये भी बताया कि शहर को स्वच्छ बनाने के संकल्प में 'सफाई मित्र' अपनी जान झोंक रहे हैं। स्वच्छता के मानकों को उच्च स्तर पर ले जाने के लिए सफाई कर्मी संकरी नालियों के भीतर घुसकर भी सफाई कर रहे हैं, ताकि जल निकासी बाधित न हो और बीमारी का खतरा कम रहे।